भारत सरकार

सूक्ष्मलघु और मध्यमउद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्नसं. 853

उत्तार देने की तारीख 21.11.2019

पश्चिम बंगाल में खादी का उत्पाद

853. श्रीमती लॉकेट चटर्जीः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यहबताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का पश्चिम बंगाल में खादीके उत्पादन को बढ़ावा देने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है औरइस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) क्या पश्चिम बंगाल में खादी औरग्रामोद्योग आयोग(केवीआईसी) के उद्देश्यों औरप्रयोजनों का कार्यान्वियन पूर्ण कर लिया गया हैऔर यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

(श्री नितिन गडकरी)

(क) एवं (ख) जी, हाँ। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने पश्चिम बंगाल में खादी के उत्पादन को बढ़ाने के प्रयास किए हैं। पश्चिम बंगाल में खादी संस्थाओं के पूर्व कार्यनिष्पादन के आधार पर खादी संस्थाओं में कार्यशील अवसंरचना और निधियों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष उत्पादन के लक्ष्य में बढ़ोतरी की गई है। पिछले तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में खादी संस्थाओं का उत्पादन निम्नानुसार हैः

(रू. लाख में)

वर्ष	पॉलीवस्त्र और सोलर वस्त्र सहित खादी का उत्पादन
2016-17	19623.60
2017-18	20658.00
2018-19	24816.29

पश्चिम बंगाल में खादी के उत्पादन को बढ़ाने के लिए खादी ग्रामोद्योग आयोग निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित करता हैः

1. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी)
2. सोलर चरखा मिशन
3. खादी विकास योजना (केवीवाई), खादी और ग्रामोद्योग विकास योजना (केजीवीवाई) का एक घटक
4. परंपरागत उद्योगों के पुनर्सृजन के लिए निधि स्कीम(स्फूर्ति)

पश्चिम बंगाल राज्य में उत्पादन बढ़ानेऔर खादी कार्यकलापों के विकास के लिए केवीआईसी द्वारा उठाए गए अन्य कदम **अनुबंध** में दिए गए हैं।

(ग): जी, हां। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का पश्चिम बंगाल राज्य में रोजगार के अवसर सृजित करनेके मुख्य लक्ष्य और उद्देश्य पूर्ण कर लिए गए हैं।वर्ष 2018-19 तक पश्चिम बंगाल में खादी और ग्रामोद्योग (केवीआई) कार्यक्रम के अंतर्गत सृजित रोजगार के अवसर निम्नानुसार हैं:

<u>पश्चिम बंगाल में खादी एवं ग्रामोद्योग के अंतर्गत संचयी रोजगार</u>

विवरण	**2018-19 तक**
खादी कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार	32433
ग्रामोद्योग कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार	1062000
खादी ग्रामोद्योग क्षेत्र के अंतर्गत कुल रोजगार	**1094433**

****

<u>अनुबंध</u>

<u>दिनांक 21.11.2019 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं . 853 के भाग (क एवं ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध</u>

पश्चिम बंगाल राज्य में उत्पादन बढ़ानेऔर खादी कार्यकलापों के विकास के लिए केवीआईसी द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i) अवसंरचना के विकास के लिए खादी सुधार और विकास कार्यक्रम(केआरडीपी) के अंतर्गत 60 खादी संस्थाओं को सहायता दी गई और वर्तमान वर्ष के दौरान11 और खादी संस्थाएं केआरडीपी को कार्यान्वित करने जा रहीहैं जो पश्चिम बंगाल में खादी उत्पादन में वृद्धि करेंगी।

ii) पिछले दो वर्षों में, 33 खादी संस्थाओं को पंजीकृत किया गया है और खादी कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं।

iii) नई खादी संस्थाओं के पंजीकरण के लिए पश्चिम बंगाल केवीआईबी के साथ जागरूकता कैम्प संचालित किए गए।

iv) वर्ष 2018-19 के दौरान, केवीआईसी ने बाली द्वीप में खादी कताई प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केन्द्र आरंभ किया है जो कि सुन्दरवन क्षेत्र के दूरस्थ अलग-थलग द्वीप पर स्थित है ताकि मुख्य रूप से व्यथित महिलाओं और अन्य व्यक्तियों सहित आर्थिक रूप से पिछड़े बेरोजगार ग्रामीण व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया जा सके। वर्तमान में उस केन्द्र में 50 महिलाएं कार्यरत हैं तथा उनकी औसत आय कमोबेश150 रु. प्रतिदिन है। पहले उनके पास आय का कोई नियमित स्रोत नहीं था।

v) बेरोजगारआर्थिक रूप से पिछड़े ग्रामीण व्यक्तियों को अधिक रोजगार के अवसर प्रदार करने के लिए द्वीप में राज्य की प्रतिष्ठित खादी संस्था द्वारा एक मिश्रित खादी इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

vi) कौशल विकासः प्रशिक्षण देने के लिए केवीआईसी ने35 विभागीय और गैर-विभागीय प्रशिक्षण केन्द्रों का नेटवर्क विकसित किया है। विभिन्न राज्यों में स्थित इन प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से विभिन्न विषयों अर्थात खादी कताई और बुनाई, सिलाई, कढ़ाई इत्यादि प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यान्वित किए जाते हैं। पश्चिम बंगाल में वर्ष 2018-19 के दौरान कौशल विकास कार्यक्रम और उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम प्रशिक्षण के अंतर्गत2321 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया गया।

****